CoverageReport: TCS IT Wiz – Kolkata Edition (Pre and post event)

Publication: PrabhatKhabar
Date: 23/08/2014
Edition: Jamshedpur
Page No: 2
Headline: Kerala Samajam Model School wins TCS IT WIZ 2014

केरल समाजम मॉडल स्कूल ने जीता टीसीएस आइटी विज 2014

कोलकाता. महानगर के विभिन्न स्कूलों के 1000 से ज्यादा छात्रों ने शेक्सपीयर सरणी स्थित कला मंदिर ऑडिटोरियम में आयाजित टीसीएस आइटी विज में हिस्सा लिया. देश के सबसे बड़े अंतरविद्यालयी आइटी क्विज समारोह टीसीएस आइटी विज का आयोजन दिग्गज आइटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया करानेवाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है. दिलचस्प क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद जमशेदपुर के केरल समाजम मॉडल स्कूल के शाहदान कलाम और अदनान अजमत ने खिताब जीता. इस साल के क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आइपैड दिया गया, जबकि उपविजेता रहे लोयोला स्कूल, जमशेदपुर के अनिर्वाण पॉल और मोहम्मद नफीस के पुरस्कार स्वरूप आइपैड मिनी प्रदान किया गया. इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गयी ट्रॉफी भी दी गयी. अंतिम छह प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से इस श्रृंखला में स्पेस पैक, सिपर्स, इयरफोन, यूएसबी पेन ड्राइव, स्पीकर जैसे अन्य इनाम दिये गये. पुरस्कारों का वितरण बंगाल इंजीनियरिग ऐंड साइंस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर अजय कुमार राय और टीसीएस के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं वैश्विक प्रमुख (मानव संसाधन) अजय मुखर्जी ने किया. बुद्धिमत्तापूर्ण और रोचक सवालों के जरिये टीसीएस आइटी विज ने क्विजिंग की दुनिया में एक आयाम स्थापित किया है. इसके साथ ही इस क्विज में सॉफ्टवेयर आधारित राउंड, गैमिफिकेशन और एनीमेशन जैसे तकनीकी अवधारणाओं का भी इस्तेमाल किया जाता है. इस साल की प्रतियोगिता में ऐसी तकनीकी रूझानों पर ज्यादा जोर दिया गया, जिसकी ओर पूरी दुनिया का ध्यान गया. इस साल की प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले छात्रों को भविष्य में इन तकनीकों का फायदा मिलेगा.